पावर हाउस में निर्मित हो रहे मदर्स मार्केट का आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्रांतर्गत पावर हाउस के समीप महिलाओं के उत्थान के लिए मदर्स मार्केट का भव्य रुप से निर्माण किया जा रहा है , जहां वे अपने द्वारा बनाया गए प्रोडक्ट का विक्रय कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकेंगी। बड़े शॉपिंग मॉल की तर्ज पर ड्राईंग डिजाइन के अनुरूप बन रहे मार्केट का निरीक्षण करने निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे पॉवर हाउस पहुंचे और शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए! ताकि महिला समूह इसका शीघ्र लाभ उठा सकें। निर्माणाधीन मार्केट परिसर का आयुक्त ने निरीक्षण करते हुए भवन के भीतर टाईल्स, रंग रोगन, कैंटिन, पार्किंग, बाउंड्री वॉल निर्माण, डोम शेड कार्य की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समानांतर हो , किसी भी कार्य के लिए रुकावट न हो। उल्लेखनीय है कि मदर्स मार्केट का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है , महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने मदर्स मार्केट का निर्माण किया जा रहा है , जिससे महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद के विक्रय के लिए एक बड़ा प्लेटफार्म मिल पाएगा और महिलाओं को तैयार उत्पाद की बिक्री की बड़ी समस्या से निजात मिलेगा! इस मार्केट में 27 दुकानें तैयार कर ली गई है। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से मदर्स मार्केट के जरिए वृहद स्तर पर एक प्लेटफार्म प्रदान किया जा रहा है जहां महिलाएं अपने हुनर , कला से बनाए हुए उत्पादों को विक्रय कर सकेंगी। निगम भिलाई में 3280 स्व सहायता समूह पंजीकृत है जिनसे प्रत्येक समूह में 10 से 20 महिलाएं जुड़ी हुई है! अब मार्केट निर्माण होने के पश्चात तैयार किए गए उत्पादों को विक्रय कर पाएंगी! सर्वसुविधायुक्त परिसर में महिला समूहें अपने द्वारा बनाए गए उत्पाद का विक्रय करेंगी। निर्माणाधीन मार्केट के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने परिसर के चारों ओर हरियाली , पार्किंग स्थल, दुकानों का रिनोवेट , टाइल्स मार्बल लगाने के चले रहे कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य के लिए टाइम डेडलाइन तय करते हुए गुणवत्तपूर्ण कार्य करावे! भिलाई निगम द्वारा तैयार किए जा रहे एक करोड़ 48 लाख की लागत से सर्व सुविधा युक्त मदर्स मार्केट महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा से जोड़ेगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, उप अभियंता प्रकृति जगताप सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे!